# जल कर दरों का युक्तियुक्तकरण होगा

## निगम के सम्मेलन में कल लगेगी मुहर, कचरा प्रबंधन शुल्क भी बढ़ाया जायेगा, दो माह से वेतन से वंचित हैं निगम कर्मी

नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. नगर पालिक निगम के साधारण सम्मेलन में जल उपभोक्ता प्रभार की दरों का युक्तियुक्तकरण तथा विलिंग प्रक्रिया का मानकी करण के साथ ही कचरा प्रबंधन योजना को आगे जारी रखने के लिए भी उपभोक्ता प्रभार शुल्क निर्धारण करने के संबंध में चर्चा होगी.**

आगामी 26 सितंबर को परिषद के सम्मेलन में टाटा प्रोजेक्ट अंतर्गत आवंटित नल कनेक्शनों को विच्छेदित करने के संबंधित में परियोजना प्रबंधक एमपीयूडीसी के पत्र के साथ टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के पत्रानुसार नल कनेक्शन संयोजन में होने वाले व्यय की राशि 1950 है. जबकि नगर निगम के नल कनेक्शन विच्छेदन हेतु निर्धारित शुल्क 450 रुपए के अतिरिक्त शुल्क कुल 2400 रुपए लिए जाने के संबंध में विषय रखा जाना है. तो वहीं नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल के पत्र के अनुसार जल उपभोक्ता प्रभार की दरों का युक्तियुक्तकरण तथा विलिंग प्रक्रिया मानकी करण सम्मेलन में चर्चा के लिए रखा गया है.

एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना सागर कलस्टर मॉनीटरिंग बैठक अनुसार सागर एमएसडब्ल्यू साल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड को सर्टिफिकेशन के पश्चात पूर्व की दर बेस रेट 1692 प्रति मेट्रिक टन के स्थान पर टेपिंग फीस के रेट रिवीजन डीजल के आधार पर वर्तमान में 2990.03 प्रति मीट्रिक टन की दर प्राप्त हो गया है. अत: योजना को जारी रखने हेतु उपभोक्ता प्रभार शुल्क निर्धारण पर चर्चा की जायेगी.

### कनेरा देव भवन निर्माण पूर्ण करने 24 करोड़ का लोन

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के ए.एच.पी. घटक कनेरा देव अंतर्गत निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करने के लिए नगर निगम 24 करोड़ 60 लाख रुपए का लोन नेशनल हाऊसिंग बैंक भोपाल से लेने जा रही है जिस पर परिषद के सम्मेलन में मुहर लगना बाकी है. जिसके संबंध में जून माह के अंतिम सप्ताह में महापौर परिषद की अनुशंसा हो चुकी है. मालूम हो कि कनेरा देव भवन निर्माण स्थल के समीप से ही एक नहर भी निकलती है.

### नामकरण को लेकर वार्ड की आपत्ति के बाद रोक

नगर निगम के सम्मेलन में नरयावली नाका वार्ड का नाम परिवर्तन करने के निर्णय के छह माह बाद पुर्नविचार के लिए विषय सामने आया है. मालूम हो कि 29 मार्च 2025 के सम्मेलन में वार्ड का नाम अटल बिहारी जी वार्ड के नाम से नामकरण की स्वीकृति प्रदान की गई थी. वार्डवासियों द्वारा नाम बदलने पर आपत्ति प्रस्तुत की गई. जिसके बाद पुर्नविचार के लिए प्रस्तुत किया गया है. तो वहीं कगदयाऊ सड़क का नामकरण चार साहिब जादे रोड किए जाने की स्वीकृति भी 29 मार्च के सम्मेलन में दी गई थी मगर छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी के पत्र द्वारा उक्त मार्ग छावनी परिषद सीमा अंतर्गत आता है प्रस्ताव पर पुर्नविचार करते हुए निरस्त करने का लेख किया गया था.

### कार्यकारिणी का विस्तार

**सागर.** क्षत्रिय महासभा की महिला विंग में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों में परिवर्तन करते हुए नई पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की है. महिला विंग अध्यक्ष प्रीति सिंह ने कार्यकारिणी में 2 नये उपाध्यक्ष, 8 जिला महामंत्री व 10 जिला मंत्री नियुक्त किए हैं. उपाध्यक्ष नेहा सोलंकी व अर्चना प्रणय सिंह, जिला महामंत्री विनीता सिंह राजपूत, रितु राहुल सिंह पीपरा, श्रद्धा हर्षवर्धन सिंह, बेबी ठाकुर, अनुपमा सिंह राजपूत, ज्योति चौहान, साक्षी सिंह, वैष्णवी सिंह, जिला मंत्री सीमा सिंह ठाकुर बन्नाद, सीमा सिंह चौहान, नंदिनी हरी सिंह खुरई, दिव्या ठाकुर मौली, रुचि सिंह ठाकुर, निकिता सिंह बीना, सविता सिंह ठाकुर, भक्ति सिंह राजपूत, विंदेश राजपूत, राजबाला ठाकुर की नियुक्ति हुई है. विशेष कार्यकारिणी सदस्य एड.वर्षासिंह ठाकुर तथा नीना बैस को बनाया गया है. इस परिवर्तन एवं विस्तार के साथ जो पुरानी कार्यकारिणी है वो यथावत रहेगी.

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 215 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 25 सितंबर को सागर जिले के प्रवास पर आ रहे है. प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ करेंगे. वहीं मुख्यमंत्री लगभग 215 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे.**

मुख्यमंत्री जैसीनगर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई. प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ यादव महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे.

### सीएम के कार्यक्रम स्थल का मंत्री ने लिया जायजा



**सागर.** जैसीनगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. मंत्री श्री राजपूत ने मंच व्यवस्था, हेलीपैड, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की. उन्होंने अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम प्रभारियों के साथ चर्चा कर व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहने के सख्त निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर जैसीनगर में अन्य सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ करेंगे और सिंगल क्लिक के माध्यम से विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे. मंत्री राजपूत ने बताया कि बुंदेली परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री का स्वागत किया जायेगा. कार्यक्रम में बुंदेली गायक जितू खरे बादल अपनी टीम के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगें.

## एक नजर में



### पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से दी गईं जानकारियां

**सागर.** विवेकानंद वार्ड स्थित शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह पखवाड़ा का आयोजन पार्षद डॉ याकृति जड़िया की उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी बालिकाओं का वजन एवं ऊँचाई लेकर उनका बीएमआई निकाला गया. साथ ही पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से मोटे अनाज, हरी सब्ज़ियाँ और मुनगा जैसे पौष्टिक आहार के लाभों की जानकारी दी गई. परियोजना अधिकारी सागर शहरी-2 संध्या ढाडी ने बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी. पार्षद डॉ जडिया ने कहा कि प्रत्येक बालिका को अपना हीमोग्लोबिन स्तर एवं ब्लड ग्रुप अवश्य पता होना चाहिए. इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलमणि यादव, सहायिका दमयंती गोरी, आशा कार्यकर्ता हेमलता लाडिया उपस्थित रहीं.




### रासेयो के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजन

**रहली.** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए. प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया. छात्र इकाई प्रभारी सुषमा चौरसिया ने रासेयो के उद्देश्यों को बताया. छात्र इकाई प्रभारी सत्यम दुबे ने राष्ट्रीय सेवा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया. रासेयो स्वयंसेवकों में से कविता पटेल, सत्यम अहिरवार, शिवानी कुर्मी ने विचार व्यक्त किए. संचालन शुभ्रा अवस्थी, आभार डॉ. भूपेंद्र कुमार ने माना.



### अर्थशास्त्र विभाग में स्वच्छता शपथ दिलाई गई

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्रो. डी के नेमा, प्रो. गिरिश मोहन दुबे, प्रो. केशव टेकाम, प्रो. उत्सव आनंद, डॉ. आर वेंकटामुनी रेड्डी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह मटसेनिया, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. एकता श्रीवास्तव उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से स्वच्छता विषय एवं एकल उपयोग प्लास्टिक को त्यागने पर चर्चा की गई. इस दौरान स्वच्छता शपथ दिलाई गई.



### निबंध लेखन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**सागर.** सीआर मॉडल बहु उच्चतर माध्यमिक शाला नरयावली नाका वार्ड में आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में किए गए कार्य नामक विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई थी, जिसके परिणाम प्राचार्य आर के सेन ने घोषित करते हुए विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया. डॉ अरुण सोनी ने कहा कि लिखावट व्यक्ति के व्यक्तित्व को परिलक्षित करती है. प्राचार्य आरके सेन ने कहा कि सागर नगर की रंगमंच पर एवं शाला में इस तरह की कार्यक्रम हमेशा ही आए विजय किया जाना चाहिए. इस अवसर पर एसएम औदिच्य, एनपी सकवार, एसके तिवारी, रविंद्र तिवारी, खेमचंद अहिरवार, यूके नागार्च, अनीता शुक्ला, रेखा चौरसिया, रक्षा घोषी, शिवानी सेन, शैली शुक्ला, योगेश घोषी, एसके तिवारी, माधव नामदेव, एससी जैन, विजय रंजन श्रीवास्तव उपस्थित रहे .आभार शत्रुध्न ठाकुर ने माना.



# मझगुआं में पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**रहली 24 सितंबर. मझगुआं में 0.250 हेक्टेयर भूमि की फेंसिंग करने के उपरांत 100 पौधों का पौधारोपण का कार्य किया गया.**

इस दौरान अनीता पटेल जनपद सदस्य, गोपाल अहिरवार सरपंच चांदपुर, घनश्याम पटेल सरपंच मझगुआ, सुदामा पडराया सरपंच सहजपुरी, संजीव कुर्मी सरपंच समनापुर, दिनेश दुबे वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष, हरिशंकर हजारी वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष, संदीप प्याशी उप सरपंच मझगुआ, वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरझामर दीपांकर सिंह, परिक्षेत्र सहायक किशनगढ़ गोपाल राजपूत, बीटगॉर्ड सहजपुरी जितेंद्र चौबे मौजूद रहे.

# वनदेवी मंदिर में नवनिर्मित शेड का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. देवरी विस के ग्राम केसली स्थित प्राचीन माँ वनदेवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाए गए शेड का लोकार्पण विधायक ब्रजबिहारी पटेरिया द्वारा किया गया.**



विधायक श्री पटेरिया ने कहा कि श्रद्धालुओं को मंदिर दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों के समय छांव और सुविधा मिल सके, इसके लिए मंदिर परिसर में आधुनिक शेड का निर्माण कराया गया है. विधायक श्री पटेरिया ने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी स्वीकार करते हुए सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी. उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं और इनके निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी. इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष रामलखन सिंह, सुधीर भाई राजपूत सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद थे.

### श्रीमती तारा उर्मिल का निधन, अंत्येष्टि आज



**सागर.** कृष्णगंज वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल की माताजी श्रीमती तारा उर्मिल का 78 वर्ष की आयु में बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है. वे 3 पुत्र और 2 पुत्रियों सहित भरपूरा परिवार छोड़ गयी हैं. उनकी अंतिम यात्रा 25 सितंबर गुरुवार को प्रात: 9 बजे निज निवास प्राईवेट बस स्टैंड के पास से गोपालगंज मुक्तिधाम जाएगी.

# अभिमन्यु अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. इम्मानुएल हायर सेकेंडरी स्कूल में अभिमन्यु अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस दौराना महिला थाना प्रभारी संतोषी कनासिया ने बताया कि लड़का और लड़की में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए और लड़कियों को समानता का अवसर देना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा और अन्य अपराधों पर रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं.



थाना प्रभारी संतोषी कनासिया ने बताया कि ऐसे अपराध केवल व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करते हैं, इसलिए बच्चों में बचपन से ही समानता और अपराधों के प्रति सजगता पैदा करना आवश्यक है. स्कूल प्राचार्य आनंद गुप्ता ने कहा कि यह पहल न केवल छात्र-छात्राओं के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है. इस दौरान छात्रों ने इस अवसर पर वचन लिया कि वे समाज में समानता और न्याय के लिए अपने हिस्से का योगदान देंगे.

### 36 वाहनों पर जुर्माना

**सागर.** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के द्वारा सागर-दमोह मार्ग, मालथौन मार्ग पर 36 वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान 07 वाहनों में फस्टएड बॉक्स, रिफ्लेक्ट टेप, व्हीएलटीडी, अग्निशमन यंत्र, एचएसआरपी नम्बर प्लेट आदि कमियां पाये जाने पर उक्त वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 28500/- का जुर्माना वसूल किया गया. आरटीओ मनोज कुमार तेहनगुरिया ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा साथ रखें.

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर संपन्न




नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. सफाई व्यवस्था में कार्य कर रहे नगर निगम के सफाई मित्रों एवं उनके परिवारजनों का सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया.**

जिला चिकित्सालय, चमेली चौक अस्पताल एवं संजीवनी क्लीनिक भगवानगंज में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया. स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों एवं सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, शहर के मुख्य बाजारों, सभी सार्वजनिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल परिसर, तालाब के घाटों,शैक्षणिक संस्थानों एवं वार्डों की गलियों की सफाई कर स्वच्छ किया जा रहा है.

# ऊर्जा संरक्षण को लेकर कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 24 सितंबर. शासकीय महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत प्राचार्य डॉ चंदन सिंह सागर के निर्देशन में लघु तथा कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम प्रभारी दीपशिखा नेमा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बेहद कम पूँजी में अपना स्वरोजगार प्राप्त करना तथा प्रेरित करना है. श्रीकांत रिंगे ने कहा कि आज बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है इससे लघु या कुटीर उद्योग स्थापित कर हम घर से ही रुपया कमाने की शुरुआत कर सकते हैं. इस दौरान संदीप जैन, अपर्णा दुबे, भरत पटेल, रश्मि जैन, निधि नगाइच ने भी संबोधित किया. आभार आशीष रैकवार ने माना.

इस दौरान प्रदीप यादव, शिरोमणि मिश्रा, छोटूराम सेन, अनीता मालवीय, निधि नगाइच, ममता रैकवार, नफीस मकरानी, कुंदनलाल, संजय, लखन पटेल आदि मौजूद थे.

### परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपा

**रहली.** पीजी कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा परिणाम से नाखुश हैं. 80 प्रतिशत विद्यार्थियों को किसी न किसी विषय में शून्य अंक मिला है. विद्यार्थियों ने हर्ष चौरसिया की अगुआई में रानी अवंति बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के कुलपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम कुलदीप पाराशर को सौंपा. ज्ञापन में कहा है कि रानी अवंति बाई लोधी विश्वविद्यालय द्वारा बीए प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली के 80 प्रतिशत विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के शून्य अंक मिला है जिससे विद्यार्थी दुखी व अक्रोशित है. विद्यार्थियों ने कुलपति से मांग की है कि एक बार परीक्षा परिणाम पर पुन: विचार करके सुधार किया जाए.

# जिला स्तरीय स्वयंसेवक उन्मुखीकरण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं जिला-स्तरीय स्वयंसेवक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**




विशिष्ट अतिथि मेरा युवा भारत क्षेत्रीय कार्यालय के उप-निदेशक रोहित यादव ने विकसित भारत क्विज़ के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी और माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु मार्गदर्शन दिया. मुख्य अतिथि डॉ. आरएस जयंत ने कहा कि युवाओं को इन समस्याओं के प्रति सदैव सतर्क और जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ युवा ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव रखते हैं. उन्होंने कुपोषण की समस्या को दूर करने के उपाय बताए और एचआईव्ही से बचाव के लिए सावधानियों पर जोर दिया. अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता नें कहा कि रासेयो से जुड़कर विद्यार्थी समाजसेवा, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुण विकसित कर सकते हैं, यह योजना केवल समाज के उत्थान का माध्यम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में भी सहायक है. संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने किया. आभार डॉ. अभिलाषा जैन ने माना. कार्यक्रम में डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. मयंक रूसिया, अब्दुल मंसूरी, डॉ. राना कुंजर सिंह, सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे.

इस दौरान सफल उन्मुखीकरण कार्यक्रम के लिए रासेयो समन्वयक, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विवि डॉ. अरुण चौरसिया, रासेयो जिला संगठक, सागर आर. सी. प्रजापति ने शुभकामनाएँ प्रेषित कीं.

### सागर मौसम

अधिकतम 34 .2 ( +2 )
न्यूनतम 21 .5 ( सा. )
आर्द्रता : सुबह/शाम : 77/62

**नवरात्रि पर विशेष** — तीन रूपों में माता देती हैं दर्शन

# दूर-दूर तक फैली है मां हरसिद्धी की ख्याति, मां के दरबार में पूरी होती हर मनौती

नवभारत न्यूज

**सागर 24 सितंबर. रानगिर की मां हरसिद्धि की ख्याति दूर दूर तक फैली है. मां के दर पर आने वाले मे श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है.**



यहां पर हर दिन अनेक श्रद्धालुओं का आना होता है लेकिन साल की दोनो नवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु मां के दर्शन कर प्रसाद,भेट चढ़ाते हैं तथा मां के दरबार में अनुष्ठान करते है. श्रद्धालुओं का जन सैलाब तो नवरात्रि और सभी प्रमुख तीज त्यौहार पर उमड़ता है लकिन चैत्र माह की नवरात्रि पर यहां विशाल मेला लगता है जिसमें सागर जिला सहित पूरे मध्यप्रदेश और प्रदेश के बाहर तक के श्रद्धालु रानगिर आते हैं और मां के दरबार में मनौती मांगते है. कुछ श्रद्धालु जहां मनौती लेकर आते हैं वही कई श्रद्धालु मनौती पूरी होन पर मां के दरबार मे हाजिरी लगाते है. कहा जाता है कि सच्चे मन से मां हरसिद्धि के सामने जो भी कामना की जाती है वह पूरी हे जाती है और मां के भक्त इसी आसा और विश्वास से मां के दरबार में दौडे चले आते हैं और मां भी अपने भक्तो की मनोकामना सिद्ध करती हैं. रानगिर में विराजित मां की लीला अपरंपार है. दिन मे तीन प्रहरों मे मां तीन रूप में दर्शन देती हैं। सूर्य की प्रथम किरणों के समय मां बाल रूप में दर्शन देती हैं तो दोपहर बाद युवा रूप में एवं शाम के वृद्धा दर्शन देती हैं. परिवर्तित हेने वाले मां की छवि में श्रद्धालु अपने आस्था और श्रद्धा मां के चरणो मे समर्पित कर धन्य हो जाते हैं. मां महिमा अपरंपार हैं भक्त जो भी मनोकामना लेकर आते हैं मां उसे अवश्य ही पूर्ण करती हैं, मां की यह प्रतिमा अति प्राचीन है. प्रतिमा के साथ छोटी मूर्ति भी बनी हुई है जो किसी सेवक के लिए इंगित करती है. हरसिद्धि का भावार्थ पार्वती देवी ही है, हर का अर्थ महादेव और सिद्धि का अर्थ प्राप्ति है. 1732 मे सागर प्रदेश का रानगिर परगना मराठों की राजधानी था, जिसके शासक पंडित गोविंद राव थे. वर्तमान मंदिर पंडित गोविंदराव का निवास परकोटा था. 1760 मे पंडित गोविंद राव की मृत्यु के बाद यह स्थल खण्डहर मे बदल गया, इसी खंडहर के बीच एक चबूतरा था कुछ सालों बाद इसी चबूतरे पर मां हरसिद्धि देवी जी की मूर्ति स्थापित की गई.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं जितेंद्र राठौर उम्र 41 वर्ष पिता लखनलाल राठौर निवासी वल्लभ नगर वार्ड थाना मोतीनगर तहसील व जिला सागर म.प्र.।
यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम अभीर राठौर (ABHEER RATHORE) दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि सही नाम अभिराज सिंह राठौर (ABHIRAJ SINGH RATHORE) जो कि सही है।
अत: प्रकाशन उपरांत सही नाम अभिराज सिंह राठौर (ABHIRAJ SINGH RATHORE) के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढ़ा दर्ज किया जावे।
पुराना नाम :- अभीर राठौर (ABHEER RATHORE) पिता जितेंद्र राठौर
नया नाम :- अभिराज सिंह राठौर (ABHIRAJ SINGH RATHORE) पिता जितेंद्र राठौर